जड़ एवं चेतन का सुख

प्रो. (डॉ.) सोहन राज तातेड़,

पूर्व कुलपति सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान

इस संसार में चेतना का सुख शाश्वत् सुख है। जड़ पदार्थ का सुख नश्वर है। भौतिक पदार्थ का सुख जीव को अपनी तरफ आकर्षित करता है। अज्ञानी जीव इसी सुख की प्राप्ति के लिए जीवनभर भटकता रहता है किन्तु उसे कभी सुख की प्राप्ति नहीं हो पाती। मृग कस्तूरी की सुगन्ध को बाहर खोजता है, जबकि कस्तूरी उसकी नाभि में ही रहती है। मनुष्य की भी यही गति है। जीव के भीतर अनन्त सुख का सागर हिलोरे मार रहा है, किन्तु वह आनन्द उसे दिखाई ही नहीं पड़ता। मानव सुख को बाहर खोजता है। भौतिक पदार्थों का संग्रह करता है। पति–पत्नी, धन–दौलत, मकान–दुकान में वह आनन्द की अनुभूति करता है। यही उसका सबसे बड़ा अज्ञान है। जड़ का सुख क्षणिक है और चेतन का सुख शाश्वत् है। इसलिए चेतन आत्मा में रमण कर शाश्वत् सुख का अनुभव करना चाहिए। यही सुख शाश्वत् शान्ति प्रदान कर सकता है।

सृष्टि दो तत्वों से बनी है– चेतन और अचेतन। चेतना का गुण चैतन्य हैं। इस सृष्टि में केवल एक ही तत्व चेतन है, वह तत्व है आत्मा। इसके अतिरिक्त जितने भी तत्व हैं, वे जड़ या अचेतन हैं। जो भी तत्व चेतन दिखलायी देते हैं, वे सभी आत्मयुक्त है। पुरुष या आत्मा को चेतन तत्त्व तथा प्रकृति को अचेतन या जड़तत्त्व कहा गया है। पुरुष चेतन है। चेतन ही विषयों का ज्ञाता तथा द्रष्टा होता है। इसे अचेतन नहीं प्राप्त कर सकता। आत्मा ही वह द्रव्य है जिसमें बुद्धि, सुख–दुःख, राग–द्वेष, इच्छा प्रयत्न आदि गुण रहते हैं। ये गुण शरीर के नहीं आत्मा के ही हो सकते हैं। आत्मा देह, इन्द्रिय आदि से भिन्न है, नित्य और व्यापक है।

मन अचेतन है, चित्त चेतन है। शरीर अचेंतन है किन्तु चेतना से युक्त होने के कारण चेतना की सारी क्रिया करता है। वैसे ही मन भी अचेतंन है। मन, वचन तथा शरीर तीनो अचेतन हैं किन्तु चेतना से युक्त होकर चेतना की क्रिया करते हैं। मन पुद्‌गलों को ग्रहण करता है। हमारे भाव सूक्ष्मतर है तथा मन भी सूक्ष्म है। वे हमारे सामने नही हैं। जो दिखाई देता है वह शरीर है। उसके भीतर एक सूक्ष्म शरीर है तथा उसके भीतर सूक्ष्मतर शरीर है। हम स्थूल को

देखते हैं किन्तु यदि सूक्ष्म और सूक्ष्मतम शरीर के बारे मे चिन्तन न करें तो इस शरीर को समझा नहीं जा सकता। स्थूल शरीर का निर्माणं होता है कर्म शरीर के द्वारा और निर्माण मे निमित्त बनती है शरीर पर्याप्ति। वह पुद्गलों को ग्रहण करती है तथा शरीर के निर्माण में सहयोग देती है।

हमारा अस्तित्व चेतन और अचेतन का जटिलतम संयोग है। चेतन है हमारी आत्मा और अचेतन है शरीर। आत्मा अरूप है, अरस है, अगन्ध है और अस्पर्श है, इसलिए वह अदृश्य है। वह शरीर से बंधी हुई है, इस दृष्टि से दृश्य भी है। संसारी आत्मा शरीर मुक्त नहीं रह सकती। वह स्थूल तथा सूक्ष्म किसी न किसी शरीर के आश्रित रहती है। चेतना की अभिव्यक्ति का माध्यम शरीर है। आत्मा और शरीर का सम्बन्ध चिर–पुरातन है। ''सुख–दुःखानुभवसाधनम् शरीरम्'' अर्थात् जिस के द्वारा पौद्गलिक सुख–दुःख का अनुभव किया जाता है, वह शरीर है।

जैन दर्शन की दृष्टि में आत्मा नित्य तथा अनित्य दोनों है। आत्मा का चैतन्य स्वरूप कदापि नहीं छूटता, अतः आत्मा नित्य है। चेतन कभी अचेतन और अचेतन कभी चेतन नहीं बन सकता। आत्म प्रदेशों में परिवर्तन नहीं होता इस दृष्टि से आत्मा अमर है। आत्मा के प्रदेश कभी संकुचित रहते हैं, कभी विकसित रहते हैं, कभी सुख में, कभी दुःख में आत्मा के अनेक प्रकार की अवस्थाएं होती रहती है। इन कारणों से तथा पर्यायान्तर से आत्मा अनित्य है। जैनागमों में पर्यायांश की दृष्टि से आत्मा अनित्य किन्तु द्रव्यांश की दृष्टि से आत्मा नित्य है।

आत्मा शरीर से भिन्न भी है और अभिन्न भी है। स्वरूप की दृष्टि से भिन्न है और संयोग तथा उपकार की दृष्टि से अभिन्न है। आत्मा का स्वरूप चैतन्य है तथा शरीर का स्वरूप जड़ है। इसलिए दोनों भिन्न हैं। संसारावस्था में आत्मा और शरीर का दूध–पानी की तरह, लौह अग्निपिण्ड की तरह एकात्म संयोग होता है। इसलिए शरीर से किसी वस्तु का संस्पर्श होने पर आत्मा में सम्वेदन और कर्म का विपाक होता है। जीव की संसारावस्था व्यावहारिक दृष्टि से है। शुद्धनय की अपेक्षा से जीव ज्ञानस्वरूप है। जब तक जीव राग–द्वेष, क्रोध–मोह आदि विकारों से ग्रस्त रहता है, तब तक वह संसार में भटकता हुआ, कर्म विपाक को भोगता है।

कर्म बन्धनों को तोड़ने के बाद वह लोकाग्र में जा पहुंचता है और शुद्ध चैतन्य में लीन हो जाता है।

जड़ और चेतन स्वतंत्र पदार्थ हैं। शरीर पंचभूतात्मक है। चेतना पंचभूतात्मक नहीं है। चेतना का स्वतंत्र अस्तित्त्व है। चेतना के कारण ही पंचभूतात्मक शरीर चेतनवत् प्रतीत होता है। संसार जड़ और चेतन दो तत्त्वों से मिलकर बना है। आत्मा चेतन तत्त्व है और जड़ पदार्थ गलन, मिलन धर्मा है। जड़ पदार्थ में सुख–दुःख की अनुभूति नहीं होती इसे पुद्‌गल कहते हैं। जड़ पदार्थ रूप, रस, गन्ध, स्पर्श से युक्त है। जड़ एवं चेतन के मिश्रण से संसार संचालित होता है। शरीर जड़ होने पर भी चेतन के कारण चलता है।